भारतीय रिज़र्व बैंक

www.rbi.org.in

विज्ञापन सं. 1/2007

संविदा आधार पर अंशकालिक बैंक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति

मासिक पारिश्रमिक के साथ संविदा आधार पर अंशकालिक बैंक चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदनपत्र मांगे जाते हैं। पद के ब्योरे जैसे औषधालय का स्थान, कार्य के घंटे, पारिश्रमिक और पात्रता मानदंड निम्नानुसार है :

बैंक चिकित्सा अधिकारी के पद का स्थान	रिक्तियों की संख्या *	कार्य के घंटे	पारिश्रमिक प्रति माह
भारतीय रिज़र्व बैंक, अधिकारी निवास, गोकुलधाम, गोरेगांव, मुंबई	1	सोमवार से शनिवार पूर्वाह्न 08.00 से 09.30, प्रति सप्ताह 9 घंटे	रु. 9000/- (नियत)
भारतीय रिज़र्व बैंक, अधिकारी निवास, प्रभादेवी, मुंबई और बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, दादर, मुंबई	1	सोमवार से शनिवार पूर्वाह्न 07.45 से 09.15 प्रभादेवी और पूर्वाह्न 09.30 से 10.15 बैंप्रम., दादर – प्रति सप्ताह 13 1/2 घंटे	रु. 13,500/- (नियत)

*** एक पद अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित है।**

1. **पात्रता के मानदंड** : आवेदक द्वारा निम्नलिखित शर्तें पूरी की जानी चाहिए।
   1) **शैक्षिक अर्हता** : उम्मीदवार के पास मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से चिकित्सा की एलोपैथिक सिस्टम की एम.बी.बी.एस. उपाधि होनी चाहिए। सामान्य चिकित्सा (जनरल मेडिसिन) में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।
   2) **अनुभव** : किसी अस्पताल में अथवा चिकित्सा व्यवसायी के रूप में अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार को न्यूनतम 3 से 5 वर्ष और अन्यों को न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
   3) **आयु** : उम्मीदवार की उम्र विज्ञापन की तारीख को 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
   4) **सुलभता** : उम्मीदवार का निवास/औषधालय, जिस स्थान के लिए आवेदन किया है, उस स्थान से 5 किमी. के घेरे में होना चाहिए।
2. **चयन प्रक्रिया** : चयनित सूची के पात्र उम्मीदवारों के साक्षात्कार द्वारा चयन किया जाएगा।
3. **आवेदन कैसे करें** : सादे फुलस्केप कागज पर अद्यतन पासपोर्ट साइज का फोटो चिपकाकर टाइप किया हुआ आवेदनपत्र और दस्तावेज जैसे जाति/वैधीकरण प्रमाणपत्र, अद्यतन क्रीमीलेअर दर्जा का प्रमाणपत्र, एम.बी.बी.एस. उपाधि/उच्चतर अर्हता का प्रमाणपत्र, इंटर्नशिप और अन्य असाइनमेंट सहित प्राप्त अनुभव, आदि की प्रतियां प्रस्तुत की जाएं। आवेदनपत्र का प्रोफार्मा आर.बी.आय. वेबसाइट www.rbi.org.in से लिया जा सकता है। आवेदनपत्र ऐसे लिफाफे से भेजा जाना चाहिए जिस पर ''अधिकारी निवास गोकुलधाम/प्रभादेवी और बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंशकालिक बैंक चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए आवेदनपत्र'' लिखा होना चाहिए तथा क्षेत्रीय निदेशक, महाराष्ट्र और गोवा, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई, प्रशासन और कार्मिक प्रबंध विभाग, भर्ती अनुभाग, मुंबई कार्यालय, मुख्य भवन, दूसरी मंज़िल, शहीद भगत सिंग मार्ग, फोर्ट, मुंबई–400001 को संबोधित किया जाना चाहिए।

   सभी तरह से संपूर्ण आवेदनपत्र रजिस्ट्री रसीदी डाक/कुरीयर द्वारा भेजा जाना चाहिए और 2-11-2007 से पहले पहुंच जाना चाहिए। उक्त पद के लिए चुने गए उम्मीदवार को स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयुक्त पाए जाने की शर्त के अधीन नियुक्त किया जाएगा।
4. **शर्तें**
   क) संविदा 3 वर्ष के लिए वैध होगी।
   ख) दोनों में से किसी एक द्वारा तीन माह की नोटिस अथवा ऐसे नोटिस के बदले में तीन माह के पारिश्रमिक के आधार पर संविदा समाप्त की जा सकती है।

कृपया ध्यान दें :

1) किसी भी प्रकार के प्रचार को अपात्रता मानी जाएगी।
2) बैंक को कार्य के घंटो में बदलाव करना तथा रिक्ती को न भरने, बिना कोई कारण बताए किसी या सभी आवेदनपत्रों को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।
3) पात्र न पाए गए/साक्षात्कार के लिए न बुलाए गए, उम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

क्षेत्रीय निदेशक, महाराष्ट्र और गोवा
भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई